कुरुक्षेत्र की घटना

वन विभाग की कार्रवाई, गार्ड व महिला दरोगा सस्पेंड

# डिप्टी स्पीकर की मीटिंग के बाद फॉरेस्ट अफसर को धुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

*घटना 30 अक्टूबर को पिहोवा के रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर के दफ्तर में हुई। रेंजर की शिकायत पर पुलिस ने 4 अक्टूबर को दोनों पर मामला दर्ज कर लिया।*

वन विभाग के गार्ड और महिला दरोगा द्वारा वन विभाग के अधिकारी पर हमला करने के मामले में विभाग ने गार्ड और महिला दरोगा को सस्पेंड कर दिया है। पुलिस ने वन विभाग के रेंजर वीरेंद्र सिंह की शिकायत पर दोनों पर केस दर्ज किया है। घटना 30 अक्टूबर को पिहोवा के रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर के दफ्तर में हुई। रेंजर ने इसकी शिकायत पुलिस को दी थी। शिकायत पर पुलिस ने गार्ड और महिला दरोगा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। रेंजर वीरेंद्र सिंह ने पुलिस को बयान दिया कि 30 अक्टूबर को पिहोवा के एसडीएम ऑफिस में डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने सभी विभागाध्यक्षों की बैठक बुलाई थी। इसमें हरियाणा सरकार की तमाम घोषणाओं पर तेजी से काम के निर्देश दिए गए थे। इसमें फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के कई लंबित कार्यों पर गहन चर्चा हुई। उनका जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए गए।


पिहोवा। पिहोवा एसडीएम ऑफिस के ऊपर बने कमरे में बैठक लेते डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा। (फाइल फोटो)

## पिहोवा थाने में एफआईआर दर्ज

थाना सिटी पिहोवा के एसएचओ नरेश कुमार ने बताया कि रेंजर की शिकायत पर पुलिस ने गार्ड राजू और दरोगा राजबाला के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। अभी पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं जिला वन अधिकारी ऋषि राज ने बताया कि रेंजर के साथ मारपीट करने के आरोप में अधिकारियों ने कर्मी राजू और राजबाला को सस्पेंड कर दिया है। कर्मियों की ओर से रेंजर के खिलाफ भी शिकायत दी गई है। जिसकी जांच चल रही है और जांच के बाद कार्रवाई होगी।

## दोनों कर्मियों ने उनको झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दी

बैठक खत्म होने के बाद वे अपने दफ्तर में दरोगा धर्म सिंह, पंकज, टेकचंद व अन्य के साथ सीएम विंडो और अन्य विभागीय कार्यों पर चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान गार्ड राजू और दरोगा राजबाला अचानक दफ्तर में घुस आए और पर्सनल मिलने की बात कहकर धर्म सिंह को बाहर खींच लिया। अंदर आते ही दोनों कर्मी उनके साथ गाली-गलौज करने लगे। उन्होंने उन्हें समझाने की कोशिश की, तो राजबाला ने उनको थप्पड़ जड़ दिए। राजू भी उनके साथ हाथापाई करने लगा और कुर्सी उठाकर मार दी।अंदर मौजूद स्टाफ ने उनको उन दोनों से बचाया। दोनों ने उनको झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दी।

## पहले भी कर चुका बदतमीजी

रेंजर ने बताया कि कुछ दिन पहले विभाग के उच्चाधिकारियों ने कार्यालय का दौरा किया था। उस दिन गार्ड राजू अपनी ड्यूटी पर नहीं था, जिस कारण राजू को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। इस बात से गार्ड नाराज था। गार्ड पहले भी उनके साथ बदतमीजी कर चुका था।

ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत फतेहाबाद पुलिस का सर्च अभियान

# जैक और रैम्बो ने जमीन सूंघ कर बता दिया नशे का ठिकाना, खुदाई में मिला डोडा पोस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत फतेहाबाद पुलिस ने सर्च अभियान जारी रखा। डीएसपी नर सिंह के नेतृत्व में गुरुवार सुबह रतिया क्षेत्र में चलाए गए सघन चेकिंग अभियान ने नशे के कारोबारियों में हड़कंप मचा दिया। इस अभियान में पुलिस की के-9 डॉग स्क्वाड टीम, स्वेत टीम एवं थाना सदर रतिया पुलिस ने संयुक्त रूप से तलाशी ली। इस ऑपरेशन में खास बात यह रही कि के-9 टीम के दो डॉग जैक और रैम्बो ने अद्भुत सूंघने की क्षमता और उत्कृष्ट प्रशिक्षण कौशल से ऐसा कमाल किया कि हर कोई दंग रह गया। टीम जब गांव बबनपुर में जीवन सिंह पुत्र भूरा सिंह के घर पहुंची, तो पहली नजर में कुछ भी संदिग्ध नहीं दिखा। जैक और रैम्बो ने अपने अनुभव और संवेदनशील नाक से खतरे की बू सूंघ ली।



## 2 किलो 5 ग्राम डोडा पोस्त मिला

दोनों ने अचानक घर के पिछले हिस्से में जाकर जमीन को खरोंचना शुरू किया और खुदाई का संकेत दिया। जैसे ही पुलिस टीम ने उस स्थान पर खुदाई की, तो जमीन की गहराई से 2 किलो 5 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया गया। यह मादक पदार्थ इतनी चालाकी से पाताल समान गहराई में छिपाया गया था कि सामान्य जांच में पकड़ पाना लगभग असंभव था।

**स्थानीय बाजारों में बेचने की तैयारी कर रहा था**

पुलिस ने मौके से आरोपी जीवन सिंह को काबू कर लिया और उसके खिलाफ थाना सदर रतिया में मादक पदार्थ तस्करी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच प्रारंभ कर दी है। प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपी यह डोडा पोस्त स्थानीय बाजारों में बेचने की तैयारी कर रहा था। एसपी सिद्धांत जैन ने इस असाधारण सफलता पर के9 टीम सहित पूरी पुलिस टीम को बधाई दी।

## डीजीपी ने जैक-रैम्बो को दी बधाई

जैक और रैम्बो डॉग द्वारा सूंघकर जमीन के नीचे से नशा ढूंढने के मामले में हरियाणा पुलिस के महानिदेशक ओपी सिंह ने काफी तारीफ की है। उन्होंने कहा कि डॉग हमारी पुलिस फोर्स का हिस्सा है। जो हमें नहीं दिखता, वह हमें सूंघकर बता देते हैं। डीजीपी ने कहा कि वह फतेहाबाद के एसपी सिद्धांत जैन को कहेंगे कि डॉग को शाबाशी दें कि उन्होंने शानदार काम किया है।

## ट्रक की टक्कर लगने से ग्राम सचिव की मौत

- पीजीआई ले जाते समय रास्ते में गई जान

**रादौर।** रादौर के बुबका चौक पर ट्रक की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार ग्राम सचिव नीरज दीक्षित (57) की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। रादौर निवासी नीरज दीक्षित दोपहर के समय बाइक पर साथी जसमेर के साथ किसी काम से जा रहे थे। इस दौरान रादौर के बुबका चौक के नजदीक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल पर सवार ग्राम सचिव नीरज दीक्षित गंभीर रुप से घायल हो गया। जबकि साथी जसमेर को आंशिक चोटें आई। गंभीर हालत में नीरज को चंडीगढ़ पीजीआई के लिए रेफर कर दिया। पीजीआई ले जाते समय रास्ते में नीरज की मौत हो गई।




# फतेहाबाद में चाचा की गला घोंटकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद /भूना

- जमीन विवाद में वारदात, शव को फेंका नहर में, गिरफ्तार

गांव गोरखपुर में जमीन विवाद को लेकर भतीजे ने चाचा की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी भतीजे को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक अविवाहित था। उसके हिस्से करीब एक एकड़ जमीन आती थी, जिसे लेकर परिवार में विवाद बताया जा रहा है। गांव गोरखपुर निवासी 60 वर्षीय लक्ष्मण सिंह पिछले कुछ दिनों से लापता था। 5 नवंबर को भाखड़ा नहर के काजल हेड के पास प्लास्टिक में बंद शव बरामद हुआ। उसकी पहचान मृतक के भाई दिलबाग सिंह ने लक्ष्मण सिंह के रूप में की। शिकायतकर्ता दिलबाग सिंह ने बताया कि उसका भाई लक्ष्मण सिंह खेतीबाड़ी करता था। उसने आरोप लगाया कि उसके भतीजे विजेंद्र सिंह उर्फ बीजू ने रंजिश के चलते लक्ष्मण की हत्या कर शव नहर में फेंक दिया। आरोपी लंबे समय से लक्ष्मण सिंह के साथ लड़ाई-झगड़ा करता रहता था, इसी बात को लेकर हत्या की गई।

## गले पर दबाव के स्पष्ट निशान मिले

पुलिस ने मामले में गंभीरता दिखाते हुए थाना भूना में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) और 238 के तहत मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी ओमप्रकाश बिश्नोई ने बताया कि पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी थी। शुरुआती जांच में ही यह मामला हत्या का प्रतीत हुआ, क्योंकि मृतक के गले पर दबाव के स्पष्ट निशान मिले थे।आरोपी विजेंद्र सिंह उर्फ बीजू निवासी गांव गोरखपुर को गिरफ्तार कर लिया।

## आज कोर्ट में पेशी

आरोपी को कोर्ट में शुक्रवार को पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्राथमिक जांच में हत्या के पीछे शराब पीकर लड़ाई झगड़ा करने और जमीन विवाद की बात सामने आई, पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।

# रेप के आरोपी देवेंद्र बुड़िया की जमानत रद्द करवाने हाईकोर्ट पहुंची पीड़िता

- आरोपी पर गवाहों को डराने व धमकाने सहित कई तथ्य याचिका में रखे

**हिसार।** अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र बुड़िया की जमानत खारिज करवाने के लिए पीड़िता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। पीड़िता के वकील दीपांशु बंसल एडवोकेट ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हिसार द्वारा देवेंद्र बुड़िया को दी गई जमानत को गैर कानूनी बताते हुए रद्द करने के लिए मांग की है। पीड़िता की याचिका पर हाईकोर्ट ने देवेंद्र बुड़िया और प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर प्रदेश सरकार को स्टेट्स रिपोर्ट दाखिल करने के लिए निर्देश दिए हैं। मामले में अगली सुनवाई आगामी 13 जनवरी को होगी। हाईकोर्ट में लगाई गई याचिका में पीड़िता ने कहा है कि उसके केस में बिना चार्ज फ्रेम हुए और बिना पीड़िता के गवाही के हिसार अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वारा गलत तथ्य के आधार पर आरोपी को जमानत दी गई है। जिस आधार पर जमानत दी गई है, उसी पर अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट द्वारा देवेंद्र बुड़िया की अग्रिम जमानत खारिज की गई थी, तो वहीं वह कागज चालान का हिस्सा तक नहीं है, जिसको आधार बनाकर जमानत दी गई है, जिसे जमानत का आधार नहीं बनाया जा सकता।

मेजर सिंह ने पेश की मिसाल...

# हजारों एकड़ में तैयार कर रहे पराली की गांठें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिला फतेहाबाद के गांव ढाणी मसीतावाली में 10 एकड़ के 68 वर्षीय किसान मेजर सिंह आज हरियाणा में पर्यावरण संरक्षण और नवाचार की नई मिसाल बन चुके हैं। जहां अधिकतर किसान धान की पराली को जलाकर खेत खाली करते हैं, वहीं मेजर सिंह ने इसे कमाई, रोजगार और पर्यावरण बचाव का जरिया बना लिया है।

किसान मेजर सिंह अपनी दो स्ट्रॉ बेलर मशीनों की मदद से हर वर्ष लगभग 2000 एकड़ क्षेत्र से धान की पराली के गाठें तैयार करते हैं। वे हर साल करीब 50000 क्विंटल पैडी स्ट्रॉ बेल्स बनाते हैं, जिन्हें बायोमास ईंधन संयंत्रों, डेयरियों और अन्य उद्योगों को आपूर्ति किया जाता है। उनके इस कार्य से न केवल वायु प्रदूषण में भारी कमी आई है, बल्कि 30 से 40 स्थानीय मजदूरों को पूरे वर्ष रोजगार भी प्राप्त होता है। इस प्रकार उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ गांव के आर्थिक विकास में भी अहम भूमिका निभाई है।


फतेहाबाद। पराली प्रबंधन के कार्य के साथ ढाणी मसीतावाली के किसान मेजर सिंह।

## पराली आय का साधन

कृषि विभाग के अधिकारियों अनुसार 68 वर्ष की आयु में किसान मेजर सिंह यह साबित करते हैं कि अगर नीयत और सोच सही हो, तो खेती में भी रोजगार, नवाचार और पर्यावरण सुरक्षा तीनों साथ चल सकते हैं। उनकी कहानी हर किसान को प्रेरित करती है कि वह पराली को जलाने की बजाय आय और विकास का साधन बनाए।



